Regarding opening of a NIT and a Kendriya Vidyalaya in Chamba District

डॉ. राजीव भारद्वाज (कांगड़ा) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल के अंतर्गत बोलने का सौभाग्य प्रदान किया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।

सभापति महोदया, मेरा लोक सभा क्षेत्र कांगड़ा दो जिलों में विभक्त है । पहला कांगड़ा जिला है और दूसरा चंबा जिला है । वर्ष 2018 में देश के आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने आकांक्षी जिलों की घोषणा की थी । उसमें चंबा जिला आकांक्षी जिले के रूप में लिया गया था । इसके तहत सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के ऊपर अधिक चिंता की जाती है ।

मैं जिला चंबा के विषय में कहना चाहता हूं कि मेरा जिला शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पिछड़ा है । मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री महोदय से इस जिला के विषय में प्रार्थना करना चाहता हूं कि वहां कोई बड़ा व्यावसायिक संस्थान नहीं है । मेरी आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से एक प्रार्थना है कि वहां एक एनआईटी खोलने की कृपा करें । उसके साथ चुराह पिछड़ा, दुर्गम एवं आरक्षित विधान सभा क्षेत्र है । वहां एक केन्द्रीय विधालय खोलने की कृपा करें । यदि मैं जिला कांगड़ा के विषय में कहूं तो वह डोगरों की धरती है । वह नूरपुर के साथ लगती है, जो चार विधान सभा क्षेत्र है । जम्मू, नूरपुर विधान सभा एवं आस-पास के क्षेत्रों से बहुत सारे लोग फौज में सेवा कर रहे हैं । वहां हर घर से एक व्यक्ति फौजी है ।?(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे सामने रक्षा मंत्री महोदय विद्यमान हैं, मैं उनसे यह प्रार्थना करूंगा कि उस डोगरों की धरती एवं वीरों की भूमि में एक सैनिक स्कूल खोलने की कृपा करें । इसके लिए मैं इनका बहुत-बहुत आभारी रहूंगा, मेरे क्षेत्र की जनता बहुत-बहुत आभारी रहेगी ।

सभापति महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।